# सूचना व संचार प्रौद्योगिकी पर हुई चर्चा



■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** बल्लभगढ़ के अग्रवाल महाविद्यालय में कोविड-19 के दौरान सूचना व संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका पर 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि गुड़गांव विश्वविद्यालय के कुलपति प्र. दिनेश कुमार रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.रामचंद्र ने सभी का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. केपी सिंह ने कोविड-19 के दौरान ई-लर्निंग, ई-संसाधनों और ई-लाइब्रेरी की भूमिका पर विचार रखे। इस दौरान 5 देशों से 160 वैज्ञानिक व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान डॉ.कृष्णकांत गुप्ता मौजूद रहे।